समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद होगा एक और एक्शन! भारतीय वायुसेना को दी गई खुली छूट।

Publisher Published on 08 May 2025



**ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय वायुसेना को खुली छूट दी गई है. अगर उन्हे कुंछ संदिग्ध दिखाई दे तो वे पूरी ताकत के साथ जवाबी कार्रवाई कर सकते है.**

भारतीय सेना ने 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और PoK पर हमला कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया. इस हमले के बाद से पाकिस्तान लगातार एलओसी पर फायरिंग कर रहा है. सीमा पार से हो रही इस कायराना हरकत को देखते हुए अब भारतीय वायुसेना को खुली छूट दे दी गई है. वायुसेना से साफ कहा गया है कि अगर उन्हें कुछ संदिग्ध दिखाई दे तो वे पूरी ताकत के साथ जवाबी कार्रवाई कर सकते हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और NSA अजीत डोभाल स्थिति पर नजर रख रहे हैं. NSA अजीत डोभाल प्रधानमंत्री मोदी से मिलने उनके आवास पहुंचे हैं. अब से थोड़ी देर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक भी होगी. इस बैठक में सभी दलों के बड़े नेता शामिल होंगे.

देशभर में 27 एयरपोर्ट फिलहाल के लिए बंद
देशभर में 27 एयरपोर्ट फिलहाल के लिए बंद किए गए हैं. ज्यादातर एयरपोर्ट उत्तर भारत और पश्चिम भारत के हैं. इसमें श्रीनगर, जम्मू, चंडीगढ़, अमृतसर और लुधियाना के हवाई अड्डे शामिल हैं.

पाकिस्तानी सेना ने LoC पर की भारी गोलीबारी
बुधवार (07 मई) को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की. इस हमले में चार बच्चों, एक सैनिक समेत 13 लोगों की मौत हो गई. पाकिस्तानी सेना द्वारा यह गोलाबारी भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए

जाने के बाद की गई.

## पंजाब के फिरोजपुर के आसपास के गावो को कराया खाली

भारतीय सेना ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और गोलीबारी में शामिल उनकी कई चौकियां नष्ट कर दी गई हैं. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, भारी गोलीबारी के चलते स्थानीय लोगों को पीड़ितों को अस्पताल पहुंचे में काफी परेशानी आई. भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच पंजाब के फिरोजपुर जिले के कुछ सीमावर्ती गांवों के लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.